CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 86 ▫ रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा सड़क हादसा

# उधमपुर में खाई में गिरी यात्री बस 20 लोगों की मौत, कई घायल



**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 से 20 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा सोमवार सुबह रामनगर क्षेत्र के कागोट गांव के पास हुआ था, जब एक यात्री बस पहाड़ी सड़क पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। बस एक दूरदराज के गांव से उधमपुर की ओर जा रही थी, तभी एक मोड़ पर चालक का नियंत्रण खो गया और वाहन खाई में जा गिरा। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। प्रशासन और पुलिस की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इलाके में शोक का माहौल है और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हादसे के बाद केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उधमपुर के उपायुक्त से बात की और गंभीर रूप से घायलों को एयरलिफ्ट करने की व्यवस्था किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है और प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## रफ्तार का कहर: अलग-अलग सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत, 4 घायल

**मनेन्द्रगढ़, 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में रफ्तार का कहर थमने देखने को मिला है. निर्माण कार्य में लगी वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मामले में पूर्व विधायक समेत कांग्रेस नेताओं ने थाने में कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और कड़ी कार्रवाई की मांग की है. वहीं दूसरे सड़क हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गई. बारात से लौट रही कार हादसे का शिकार हो गई. दोनों सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

शादी में शामिल होने गए दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई. वह कार से बैकुंठपुर में शादी में शामिल होने गए थे. यहां लौटने के दौरान उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई. कार बीच सड़क में पलट गई. हादसे में चिरमिरी के डोमनहिल निवासी युवकों की मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, घटना बैकुंठपुर के चेर ग्राम में हुई है. मृतकों की पहचान 22 वर्षीय आर्यन सोनवानी और 23 वर्षीय कुलदीप सिंह की मौत हुई है. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया. घायलों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है. मामले में पुलिस ने मृतकों के शव पंचानामा कर पोस्टरमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. मनेंद्रगढ़ से लगे ग्राम पंचायत परसगढ़ी में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में लगी डी वी प्रोजेक्ट लिमिटेड की गाड़ी से टक्कर के कारण हादसा हुआ है. घटना की सूचना पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो के साथ कांग्रेस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे. इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाना पहुंचकर उक्त कंपनी के खिलाफ शिकायत दी। मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से चर्चा कर मुआवजे की मांग की है. उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# करेंसी टावर में लापरवाही उजागर, 10 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रहीं अतिरिक्त मुख्य सचिव ऋचा शर्मा



**कॉम्प्लेक्स की व्यवस्था पर उठे सवाल**

**रायपुर, 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित करेंसी टावर में सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब छत्तीसगढ़ शासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ऋचा शर्मा लिफ्ट में फंस गईं। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 6:30 बजे की है, जब एसीएस ऋचा शर्मा लगभग 10 मिनट तक लिफ्ट के अंदर फंसी रहीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लिफ्ट के भीतर न पर्याप्त रोशनी थी और न ही हवा की उचित व्यवस्था, जिससे अधिकारी को घबराहट होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर वे परेशान होकर रोने लगीं और कुछ समय तक काफी तनाव में रहीं। बताया गया कि लिफ्ट में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम और हेल्पलाइन नंबर जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं भी मौजूद नहीं थीं, जिसके चलते मदद पहुंचने में देरी हुई।

सूत्रों के अनुसार, एसीएस ने किसी तरह अपने फोन से प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने उर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव को भी कॉल कर कॉम्प्लेक्स की व्यवस्थाओं, पावर बैकअप और सोलर पावर सिस्टम को लेकर जानकारी ली और सवाल उठाए। घटना की सूचना मिलते ही तेलीबांधा पुलिस की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोला गया। बाहर आने के बाद उनकी हालत काफी असहज बताई गई और उन्हें कुछ समय तक संभलने में दिक्कत हुई। लोगों का कहना है कि करेंसी टावर में लिफ्ट फंसने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार लोग लिफ्ट में फंस चुके हैं और कुछ मामलों में लोग बेहोशी जैसी स्थिति में भी पहुंच चुके हैं। इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि टावर की सातवीं मंजिल पर SAICUS GYM संचालित है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग और प्रशासनिक अधिकारी आते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था की खामियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक नियमों के तहत बड़े कॉम्प्लेक्स में इमरजेंसी अलार्म, बैकअप पावर, लाइटिंग और आपातकालीन संपर्क व्यवस्था अनिवार्य होती है, लेकिन यहां इन सुविधाओं की कमी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हैरानी की बात यह भी है कि 850 के करीब दुकान और ऑफिस स्पेस वाले इतने बड़े कॉम्प्लेक्स में सिर्फ 4 ही लिफ्ट हैं। घटना के बाद अब नगर निगम, फायर सेफ्टी और अन्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका पर भी नजरें टिकी हैं कि क्या इस मामले में जांच और कार्रवाई होती है या फिर इसे भी अनदेखा कर दिया जाएगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के घर आईटी की छापेमारी; कर्नाटक में आरक्षण पर 24 अप्रैल को अहम कैबिनेट बैठक

**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** कर्नाटक सरकार ने अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर आंतरिक आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए 24 अप्रैल को विशेष कैबिनेट बैठक बुलाई है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह अहम बैठक एससी समुदाय के भीतर आरक्षण के बंटवारे से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए आयोजित की जा रही है। बैठक में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है, जिससे भविष्य की नीति को लेकर दिशा तय की जा सके। तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष सेल्वापेरुंथगई के श्रीपेरंबदूर स्थित आवास पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उनके घर के बाहर सुरक्षा और जांच से जुड़ी गतिविधियां देखी गईं। आयकर विभाग की टीम फिलहाल मामले से जुड़े दस्तावेजों और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। अभी तक इस कार्रवाई को लेकर आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

### सीबीआई ने डीजीसीए के दो अफसरों पर शिकंजा कसा, तीन दिन की कस्टडी में भेजा गया

**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में डीजीसीए के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (एयरवर्थिनेस डायरेक्टरेट) मुदावथ देवुला और एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि भरत माथुर को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को रविवार, 19 अप्रैल को अदालत में पेश किया गया, जहां सीबीआई ने विस्तृत पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की थी। अदालत ने एजेंसी की मांग स्वीकार करते हुए दोनों को तीन दिन की कस्टडी में भेजने का आदेश दिया। सीबीआई के अनुसार, एजेंसी ने 18 अप्रैल 2026 को यह मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि डीजीसीए अधिकारी पर आरोप है कि उसने डीजीसीए में लंबित फाइलों, मंजूरी और लाइसेंस से जुड़े आवेदनों को पास कराने के बदले निजी पक्षों से अवैध लाभ यानी रिश्वत की मांग की। बताया गया कि यह रिश्वत एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि के माध्यम से ली जानी थी।

## बिरादरी की बातें

**चूहा- पौने दस करोड़ की साड़ी खरीदने वाले अफसर को ही साड़ी घोटाले की जांच की जवाबदारी दी गई है।**

**चुहिया- हां जी, इसे ही तो सरकारी लीपापोती कहते हैं..!**

# पत्नी ने विवाद के चलते सिलबट्टे से की पति की हत्या





**दुर्ग, 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** दुर्ग के छावनी थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां एक पत्नी ने अपने ही पति की सिलबट्टे से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, ये पूरा मामला दुर्गापारा कैंप-2 पावर हाउस इलाके का है, जहां मृतक की पहचान 40 वर्षीय डोमन लाल साहू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था। बीती दोपहर किसी बात को लेकर उसकी पत्नी हीरामन साहू से विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। देर शाम जब डोमन लाल शराब के नशे में घर लौटा, तो दोनों के बीच फिर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि रात करीब साढ़े 9 बजे गुस्से में आकर पत्नी ने सिलबट्टे से पति के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक ने घटना से पहले अपने बच्चे के साथ भी मारपीट की थी, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# शिवनाथ नदी में नहाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत



**दुर्ग, 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां शिवनाथ नदी में नहाने उतरे पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गई। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के छातागढ़ पिकनिक स्पॉट की है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, सभी पांच दोस्त एक साथ छातागढ़ पिकनिक स्पॉट घूमने पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने शिवनाथ नदी में नहाने का निर्णय लिया। बताया जा रहा है कि किसी भी दोस्त को तैरना नहीं आता था, इसके बावजूद सभी नदी में उतर गए।

नहाने के दौरान अचानक दो युवक नदी के गहरे हिस्से में चले गए, जहां पानी की गहराई लगभग 10 से 12 फीट थी। गहराई का अंदाजा न होने के कारण दोनों युवक बाहर नहीं निकल सके और पानी में डूब गए। मृतकों की पहचान मोहम्मद फैजल (21 वर्ष) और मोहम्मद ईशांत (13 वर्ष) के रूप में हुई है, जो कैलाश नगर दुर्ग के निवासी थे। वहीं बाकी तीन दोस्त किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। घटना के तुरंत बाद बचे हुए दोस्तों ने परिजनों, पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद रात करीब 8 बजे दोनों युवकों के शव नदी से बरामद कर लिए गए। इसके बाद शवों को बाहर निकालकर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजन लगातार रो-रोकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी दोस्त बिना सुरक्षा और तैराकी ज्ञान के नदी में उतरे थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। छातागढ़ पिकनिक स्पॉट जिले में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

यह स्थान दुर्ग जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां स्थित प्राचीन मनोकामना सिद्धपीठ हनुमान मंदिर भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। शिवनाथ नदी के किनारे स्थित यह क्षेत्र हरे-भरे वातावरण और शांत माहौल के कारण पिकनिक और घूमने के लिए प्रसिद्ध है। बड़ी संख्या में लोग यहां फोटोग्राफी, पिकनिक और नदी किनारे समय बिताने आते हैं।

# रामअवतार जग्गी हत्याकांड: सुप्रीम कोर्ट ने अमित जोगी की याचिकाओं को एक साथ किया टैग, 23 अप्रैल को होगी संयुक्त सुनवाई



**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले में उम्रकैद की सजा पाए पूर्व विधायक अमित जोगी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर सोमवार को अहम सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत में दो अलग-अलग याचिकाएं विचाराधीन रहीं, जिनमें एक याचिका हाईकोर्ट के आदेश के तहत सरेंडर पर रोक लगाने से संबंधित चैंबर में दाखिल की गई थी, जबकि दूसरी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो नंबर बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामलों को एक साथ टैग कर दिया और आगे की संयुक्त सुनवाई की तारीख 23 अप्रैल निर्धारित की। अदालत ने स्पष्ट किया कि सरेंडर से संबंधित किसी भी प्रकार की अंतरिम राहत इस स्तर पर नहीं दी जाएगी और संबंधित आवेदन पर निर्णय चैंबर जज द्वारा किया जाएगा। इस दौरान मृतक रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी के वकील भी अदालत में मौजूद रहे और उन्होंने पक्ष रखा। बेंच ने फिलहाल मामले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए अगली सुनवाई तक स्थिति यथावत रखने का निर्देश दिया।

सुनवाई के बाद अमित जोगी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने उनके दोनों मामलों को एक साथ टैग कर दिया है। इसमें दिनांक 25.03.2026 के लीव टू अपील आदेश के विरुद्ध दायर एसएलपी और 02.04.2026 के उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध वैधानिक अपील शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों की संयुक्त सुनवाई अब 23 अप्रैल को होगी। अमित जोगी ने यह भी बताया कि सुनवाई में उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्खा, सिद्धार्थ दवे और शशांक गर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी कानूनी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है और वे कानूनी प्रक्रिया का सामना करेंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के चर्चित रामअवतार जग्गी हत्याकांड से जुड़े इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होनी है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# अजीत कुमार ने बेल्जियम में लहराया भारत का झंडा, कार रेस में पोडियम फिनिश किया हासिल; टॉप पोजीशन्स में रही टीम



**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** साउथ के सुपरस्टार अजीत कुमार केवल फिल्मों के लिए ही नहीं, बल्कि एफ1 रेसिंग के लिए भी चर्चाओं में रहते हैं। वे रेसिंग के लिए काफी समर्पित नजर आते हैं। अब उन्होंने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसके बाद से ही एक्टर की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। हाल ही में बेल्जियम के मशहूर सर्किट दे स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स में आयोजित एक इंटरनेशनल कार रेस में अजीत कुमार और उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम फिनिश हासिल किया। उनकी टीम टॉप पोजीशन्स में रही, जो किसी भी रेसर के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। इस जीत के बाद अजीत कुमार ने भारतीय झंडा लहराकर जश्न मनाया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि अजीत कुमार की टीम लगातार इंटरनेशनल लेवल पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इससे पहले भी उनकी टीम दुबई और इटली में हुई रेस में शानदार प्रदर्शन कर चुकी है।

# ईरान की गद्दारी, भारत आने वाले जहाज पर मारी गोली, फिर हुए बड़ा खेल!



**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** एक तरफ ईरान ने पाकिस्तान के बंकर इन चीफ असीम मुनीर को गले लगाया तो दूसरी तरफ स्टेट ऑफ हॉर्मोस में दो भारतीय जहाजों पर फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद ईरान अब बयानबाजी कर रहा है कि यह सब कुछ कंफ्यूजन में हो गया। बता दें कि जिस वक्त ईरान ने भारत आने वाले जहाज पर फायरिंग की, तो उस जहाज के कैप्टन ने ईरान को एक ऑडियो मैसेज भेजा। दरअसल, यह फायरिंग तब हुई जब ईरान ने अमेरिकी नाकाबंदी के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा बंद करने का ऐलान कर दिया। जिस वक्त ईरान ने यह ऐलान किया, उस वक्त दो जहाज भारत की तरफ आ रहे थे। इन दोनों जहाजों को भारत आने की इजाजत भी थी, लेकिन इसके बावजूद ईरान के सैनिकों ने इन जहाजों पर गोली चला दी। इन दोनों जहाजों को अपना रास्ता बदलने और पश्चिम की ओर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ गया। आपको बता दें कि इन जहाजों में 20 लाख बैरल इराकी तेल लदा था। हैरानी की बात देखिए कि भारत सरकार दो बार ईरान के लोगों को भारी मात्रा में राहत सामग्री भेज चुकी है। लेकिन इसके बावजूद ईरान ने भारत की तरफ आने वाले जहाज पर गोली चलाई। ईरान की इस घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने रात में ही ईरान के राजदूत को तलब कर लिया। उनसे पूछा गया कि ऐसी घटना क्यों की गई है?

# गोलियों की गूंज से दहला अमेरिका: अंधाधुंध फायरिंग में 8 मासूम बच्चों समेत 10 की मौत, हमलावर ढेर






**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** अमेरिका के लुइसियाना प्रांत से एक ऐसी खबर आई है जिसने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। श्रेवेपोर्ट शहर में एक 31 वर्षीय सिरफिरे व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने अपनी पत्नी और आठ मासूम बच्चों पर असॉल्ट राइफल से अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। इस दर्दनाक हमले में 8 बच्चों की मौत हो गई जिनमें से 7 आरोपी के अपने ही बच्चे थे।

एक रिपोर्ट के अनुसार यह खौफनाक वारदात रविवार सुबह करीब 6 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी शमार एल्किंस ने घर के अंदर सो रहे बच्चों पर हमला किया। 7 बच्चों को घर के भीतर ही ढेर कर दिया गया जबकि एक बच्चा अपनी जान बचाने के लिए छत की ओर भागा जिसके बाद बेरहम पिता ने पीछे भागते हुए उसे छत पर ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। हमले में एक 13 साल का लड़का किसी तरह छत से कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा हालांकि वह घायल है।

बता दें कि मारे गए बच्चों की पहचान जयला (3), शायला (5), कायला (6), लैला (7), मरकेडॉन (10), सारियाह (11), खेडारियन (6) और ब्रेलॉन (5) के रूप में हुई है। इनमें 7 सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। आरोपी ने सबसे पहले अपनी पत्नी को निशाना बनाया और फिर दूसरे घर में जाकर बच्चों और उनकी मौसी (कजिन की मां) पर गोलियां चलाईं। दोनों महिलाओं की हालत फिलहाल अस्पताल में बेहद गंभीर बनी हुई है।

CMYK